हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 78 | पटना, शनिवार, 04 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# कांग्रेस और जेएमएम में लूट तथा भ्रष्टाचार करने की चल रही रेसः पीएम मोदी



**सिंहभूम।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पीएम मोदी ने झारखंड के सिंहभूम में एक भव्य सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया और संबोधित किया। प्रधानमंत्री भीड़ के उत्साह से बहुत प्रभावित हुए और बदले में उन्होंने झारखंड में सभी के लिए मोदी की गारंटी दोहराई। मोदी ने कहा कि झारखंड को अटल जी ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की ताकत थी, अटल जी की दीर्घ-दृष्टि थी कि झारखंड बना। कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आए। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब की जयंती पर आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की और वो भी झारखंड की भूमि से की। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं- झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड... हर कोने में विश्वास के साथ, उमंग के साथ, उत्साह के साथ... एक ही बात कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार।मोदी ने कहा कि सिंहभूम और झारखंड की धरती... आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन ये भाजपा है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को एक और पहचान दी- इस दिन को हमने जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि हम देशभर में जनजातीय गौरव के लिए जनजातीय म्यूजियम बना रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है।

वो जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला (श्रीमती द्रौपदी मुर्मू) को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है, लेकिन जेएमएम और कांग्रेस... इसे अपनी जागीर समझती है। यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है।

पूरे राज्य के खान-खनिज को अवैध खनन कर लूटा जा रहा है। इन्होंने आदिवासियों की जमीनें लुटने के बाद हमारे देश की सेना की जमीन पर भी आंख गड़ा कर रखी है। इतना बड़ा जमीन घोटाला जेएमएम के लोगों ने किया है। कांग्रेस और जेएमएम ने मिलकर झारखंड के मान-सम्मान को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम में लूट और भ्रष्टाचार करने की रेस चल रही है। यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। यहां तक कि नोटों को गिनने के लिए बैंकों से मशीनें लानी पड़ी।

## संपादकीय

### कोरोना टीके से जुड़ा खतरा दस लाख में से एक व्यक्ति को होता है

**जयप्रकाश चौधरी**



कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकारा कि उसकी कोविशील्ड वैक्सीन के रेयर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। जिसको लेकर देश में नए सिरे से बहस शुरू हुई। विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि घबराएं नहीं, टीके से जुड़ा खतरा दस लाख में से एक व्यक्ति को होता है। वैसे देश के चुनावी माहौल के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के कोलाहल में यह तय कर पाना कठिन हो जाता है कि हवा में तैर रही खबर की तार्किकता क्या है। यह भी कि यह खबर वास्तविक है या राजनीतिक लक्ष्यों के लिये गढ़ी गई है। वहीं दूसरी ओर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते भारत के खिलाफ जो वैश्विक गुटबंदी चल रही है, कहीं आरोप इस कड़ी का हिस्सा तो नहीं है। वैसे विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने के चार से बयालीस दिनों के भीतर टीटीएस प्रभाव हो सकता है, जो ब्लड क्लॉट बना सकता है। जिससे कालांतर प्लेटलेट्स की कमी शरीर में हो सकती है। दरअसल, वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन में एक अदालती सुनवाई के दौरान वैक्सीन के दुर्लभ प्रभावों की बात को माना था। कंपनी के विशेषज्ञों का कहना है कि टीटीएस दिमाग, फेफड़ों, आंत की खून की नली आदि में तो पाया गया लेकिन किसी को हार्ट अटैक की समस्या नहीं हुई। साथ ही यह भी कि कोविड संक्रमण के कारण भी ब्लड क्लॉट के मामले सामने आए हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन से इम्यून सिस्टम में टी व बी सेल गतिशील होने से इम्यून प्रतिक्रिया बढ़ती है, जिसके बाद खून की नली में सूजन से ब्लड क्लॉट बनता है। जिसमें ज्यादा प्लेटलेट्स इस्तेमाल होने लगते हैं। जो कि टीटीएस की स्थिति होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन ने महामारी की घातकता को नब्बे प्रतिशत तक घटाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। वहीं वैक्सीन के साइड इफेक्ट छह माह के भीतर सामने आ जाते हैं, इसके उपयोग को दो साल से अधिक का समय हो चुका है।

उल्लेखनीय है सरकार ने कोरोना संकट के दौरान कोविशील्ड लेने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया था। अब जब इसके दुष्प्रभावों को लेकर संशय पैदा हुआ है तो उसे अपने संसाधनों का इस्तेमाल करके लोगों की शंकाओं का निवारण भी करना चाहिए। सेहत से जुड़े किसी भी मामले में किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी तरह असुरक्षा की भावना बढ़ती है तो सरकार को तुरंत दूर करना चाहिए। नागरिकों की शंकाओं का तुरंत ही समाधान किया जाना चाहिए। पब्लिक डोमेन में कंपनी द्वारा चुनावी बांड खरीदे जाने को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। जिसके चलते लोगों के मन में कई तरह के सवाल उपजे हैं, जिनका निराकरण भी सरकार का प्राथमिक दायित्व है। हमें यह भी स्वीकारना चाहिए कि संकटकाल में इस वैक्सीन की तुरंत उपलब्धता से देश की बड़ी आबादी को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जा सका। बेहद कम समय में कोरोना से लड़ने के लिये उपलब्ध कराई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट से इनकार भी नहीं किया जा सकता। इस बात की आशंका भी है कि टीएसएस प्रभाव कोरोना संक्रमण के बाद भी सामने आ सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि लॉकडाउन के कारण लाइफ स्टाइल बिगड़ने से लोगों की गतिशीलता में कमी, मानसिक तनाव वृद्धि से मोटापे व मधुमेह के चलते भी हृदयाघात के मामले बढ़े हैं।

## पीएम मोदी 14 मई को करेंगे पर्चा दाखिल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी। प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरू हो जाएंगे। यहां छोटी-छोटी जनसभाएं करेंगे, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे और मतदाताओं से संपर्क भी करेंगे। इसके अलावा समाज के अलग-अलग लोगों के साथ बैठकें की जाएगी। बनारस पहुंचने वाले नेताओं की सूची भी तैयार की जा रही है और कार्यकताओं से भी सूची मांगी जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं। इसमें महिला मोर्चा की भी प्रमुख भूमिका रहने वाली है। महिलाओं के ग्रुप के अलावा, युवा बाइकों से भी रहेंगे और नामाकंन के एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता भी वाराणसी पहुंच जाएंगे। इसके बाद कुछ नेता मतदान तक बनारस में ही प्रवास करेंगे और यहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं कुछ महिला नेताओं की एक सूची भी तैयार की जा रही है, अंतिम सप्ताह में कुछ छोटी-छोटी जनसभाएं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से भी कराई जाएंगी और ग्रामीण क्षेत्र में सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर जनसभाएं करेंगे।

## अमित शाह ने की वोट फॉर जिहाद की बजाए वोट फॉर विकास वालों को चुनने की अपील



**सांगली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सांगली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो खेमों में हैं। एक ओर 'वोट फॉर जिहाद' वाले लोग हैं तो दूसरी ओर 'वोट फॉर विकास' वाले लोग हैं। एक ओर राहुल बाबा की चाइनीज गारंटी है तो दूसरी ओर पीएम मोदी की भारतीय गारंटी है। यह चुनाव इन दो खेमों के बीच होना है। दो चरण का चुनाव हो चुका है और मोदी जी सेंचुरी लगाकर आगे निकल चुके हैं। अब तीसरा फेज 400 पार करने की मजबूत नींव डालने का फेज है।

कांग्रेस की सरकार में सोनिया-मनमोहन की सरकार में पहले आए दिन पाकिस्तान से आलिया-मालिया-जमालिया आते थे और बम धमाके करके चले जाते थे। कोई कुछ नहीं बोलता था। 2014 में जब मोदी जी पीएम बने तो पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में हमला किया, लेकिन वो भूल गए कि अब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री नहीं हैं, अब मोदी जी प्रधानमंत्री हैं। 10 ही दिन में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सेना ने पाकिस्तान के घर में घुस कर बदला लिया।

मोदी जी 10 साल में ही 5वें नंबर पर लाए। मैं आज मोदी की गारंटी देकर जाता हूं - आप तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर पर लाने का काम हम करेंगे। मोदी जी ने धारा 370 को हटाया, राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त किया, PFI पर बैन लगाया और ट्रिपल तलाक समाप्त किया। मोदी जी ने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि अपने तीसरे कार्यकाल में पूरे देश में वउउ लाने और मुस्लिम पर्सनल लॉ समाप्त करने का काम हम करेंगे।

# बड़े भरोसे के साथ मेरी मां ने मुझे सौंपी परिवार की कर्मभूमिः राहुल गांधी

### राहुल गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल किया



**रायबरेली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल किया, जो लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रहा है। सूत्र कई कारण बताते हैं जो कांग्रेस परिवार के भीतर अमेठी और रायबरेली के भविष्य पर चर्चा के दौरान सामने आए थे। राहुल को चुने जाने का मुख्य कारण विरासत या उत्तराधिकार कारक था। माना जा रहा है कि रायबरेली से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा करके, सोनिया गांधी लोगों को यह संदेश देना चाहती हैं कि वह उनके उत्तराधिकारी होंगे। कांग्रेस इसे राहुल बनाम स्मृति नहीं बनाना चाहती थी, क्योंकि उसे लगता है कि वह ईरानी से बड़े नेता हैं। अमेठी की तुलना में रायबरेली राहुल गांधी के लिए सुरक्षित सीट है।

नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

प्रियंका गांधी ने लिखा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, ⸗मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है।⸗ ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया; जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। उन्होंने कहा कि हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। परिवारिक रिश्ते की सबसे बड़ी सुंदरता ये होती है कि आप चाहकर भी कभी उसके स्नेह का कर्ज नहीं उतार पाते। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है।

## महाराष्ट्र के अकोला में दो कारों की टक्कर में दो नवजात समेत छह की मौत



**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शुक्रवार को दो कारों की टक्कर में दो नवजात समेत छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) किरण सरनाईक के रिश्तेदार भी शामिल हैं। वह अमरावती शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर में पातुर घाट के पास अकोला-वाशिम राजमार्ग पर एक फ्लाईओवर पर घटी।

अधिकारी ने कहा कि एमएलसी के भतीजे रघुवीर सरनाईक (28), उनकी बहन और तीन रिश्तेदार एक एसयूवी गाड़ी में अकोला जा रहे थे। उनके वाहन की टक्कर सामने से आ रही एक कार से हो गई जिसमें चार लोग सवार थे। इस हादसे में एमएलसी के पांच रिश्तेदारों में से तीन की मौत हो गई और दो घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में दूसरी कार में सवार तीन लोगों की भी मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में 9 महीने का एक बच्चा था जिसका नाम अस्मिरा अजिंक्य अमले था। वहीं मृतकों के एक साल का दूसरा बच्चा भी शामिल था। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए तीन लोगों को अकोला के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों के शवों को शव परीक्षण के लिए अकोल ग्रामीण अस्पताल भेजा गया है।

## बीएसफ जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 17 जवान घायल



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 17 जवान घायल हो गये, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है और जिन चार जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुँचे राँची, एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद राँची में किया रोड शो






**राँची।** रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं सांसद एवं प्रत्याशी संजय सेठ खुले रथ में रहे साथ।

रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, बड़ी संख्या में महिला एवं युवा शामिल। जय श्री राम एवं मोदी मोदी के नारों से गुंजा राजपथ। सेल्फी लेने की मची होड़। 15 स्थानो पर पारंपरिक नृत्य गीत ढोल नगाड़े के साथ प्रधानमंत्री का हुआ स्वागत। जनसैलाब ने प्रधानमंत्री पर बरसाये फूल। प्रधानमंत्री ने बिरसा चौक पर धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। भारत माता चौक पर प्रधानमंत्री का काफिला रुका। वहां प्रधानमंत्री अपने गाड़ी से निकलकर बाहर आये। वहां नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रत्यशी संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विकास प्रीतम, विनय जायसवाल, निशि जायसवाल, उमेश कुमार साहू ने स्वागत किया। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रथ पर सवार हुए, उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और सांसद प्रत्याशी संजय सेठ रथ में सवार हुए। विभिन्न चौक पर स्वागत करने वाले नेताओ के नाम। हिनू चौक में पप्पू जायसवाल, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, आनंद मूर्ति सिंह, बिरसा चौक में संतोष मिश्रा, डीपीएस चौक में आनंद मूर्ति, काजल प्रधान, अरगोड़ा में प्रकाश साहू, सुनील साहू, मुनेश्वर साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय में आरती कुजूर, आरती सिंह, हरमू चौक इंद्रजीत यादव, अरुण झा, सहजानंद चौक संदीप वर्मा, प्रतुल शाहदेव, सुजीत शर्मा, भारत माता चौक में के-के गुप्ता, प्रेम वर्मा, मुकेश मुक्ता, बाल्मीकि बस्ती में भगत बाल्मीकि, गोविंदा बाल्मीकि, गाड़ीखाना में राहुल चौधरी , रोमित नारायण सिंह, शनि मंदिर में वरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, सुनील गुप्ता,ललित ओझा, विशाल मेगामार्ट में सीपी सिंह, बलराम सिंह, अनिल कसेरा, राजू सिंह, ओमप्रकाश, रातू रोड गिरधर प्लाजा में रमेश सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

# विशेष आवश्यकता वाले वच्चों में सामाजिक कौशल के विकास पर बल देना आवश्यक : अनिल सुलभ

**पटना।** विशेष आवश्यकता वाले वच्चों और व्यक्तियों में निजी-कौशल के साथ-साथ सामाजिक-कौशल के विकास पर भी बल दिया जाना चाहिए। उनमें यह भावना विकसित की जानी चाहिए कि वे किस प्रकार अपने जैसे व्यक्तियों तथा समाज के अन्य लोगों के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। सामाजिक-विकास के अभाव में किसी के निजी विकास का कोई अर्थ और मूल्य नहीं हो सकता है।

इस प्रकार के विचार, भारतीय पुनर्वास परिषद के सौजन्य से, इंडियन इंस्टिच्युट औफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेउर में, शुक्रवार को आरंभ हुए, तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। ₹विशेष बच्चों में निजी और सामाजिक कौशल विकास₹ विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में अपना विज्ञानिक पत्र प्रस्तुत करती हुई 'आर्मी आशा स्पेशल स्कूल' की प्राचार्या और विशेष शिक्षिका कल्पना झा ने कहा कि विशेष बच्चों को सक्षम बनाने और उनमें कौशल विकास के लिए हमें विशेष चेष्टा करनी चाहिए। विशेष आवश्यकता वाले लोगों के साथ हमारा व्यवहार सद्भावपूर्ण और सहयोगात्मक होना चाहिए।सुप्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा नीरज कुमार वेदपुरिया ने कहा कि हर व्यक्ति को,



अपना जीवन जीने के लिए कुछ मूलभूत आवश्यकता होती है। उन्हीं में कुछ मनोवैज्ञानिक बिंदु भी होते हैं। व्यक्ति की मानसिक अवस्था का उसके कार्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। एक प्रसन्न व्यक्ति किसी भी कार्य को निपुणता से करता है। सामाजिक सहयोग उसे बल प्रदान करते हैं।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि, आज के युवाओं को यह समझना होगा कि केवल निजी विकास की कामना स्थायी लाभ नही दे सकती। सामाजिक विकास के अभाव में किसी व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों के विकास से किसी का हित नहीं हो सकता। ताड़ और खजूर जैसे वृक्षों को सामाजिक मूल्य नहीं मिलते। निजी जीवन में सफल वही व्यक्ति सम्मान पाता है, जो समाज के लिए कल्याणकारी हो। वरिष्ठ औडियोलौजिस्ट डा ज्ञानेन्दु कुमार तथा कार्यशाला के समन्वयक प्रो कपिल मुनि दूबे ने भी अपने वैज्ञानिक-पत्र प्रस्तुत किए। मंच का संचालन प्रो मधुमाला ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रो जया कुमारी ने किया। इस अवसर पर, प्रो संजीत कुमार, प्रो देवराज, डा आदित्य ओझा, विशेष शिक्षक रजनीकान्त समेत, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी 'पुनर्वास-विशेषज्ञ' एवं संस्थान के छात्रगण उपस्थित थे।

# समृद्ध और विकसित भारत के लिए मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनना जरूरी है : सम्राट चौधरी

**बाल्मीकि नगर( संवाददाता )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज

महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि, लव-कुश की क्रीड़ास्थली, चंपारण की धरती, वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र पहुंचे और एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार कुशवाहा जी के नामांकन सभा सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए।

आशीर्वाद सभा में आये लोगों को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि वे करीब -करीब प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं और लोगों में दिख रहा उत्साह इस बात का प्रमाण है कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में लोग एनडीए के प्रत्याशियों को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकिनगर में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है जहां लोग




एनडीए के प्रत्याशी को आशीर्वाद देने के लिए जुटे हैं । वाल्मीकिनगर की जागरूक जनता फिर एकबार मोदी सरकार चुनकर ला रही है।

उन्होंने कहा कि समृद्ध और विकसित भारत के लिए मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनना जरूरी है। पहले देश में एक ऐसे प्रधानमन्त्री थे जो बिना 'मैडम' सोनिया गांधी के स्वीच दिए बगैर बोलते तक नहीं थे, लेकिन आज देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के पास है जिनके नेतृत्व में देश का डंका दुनिया मे बज रहा है। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश को विकसित करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान पर आ गया है और मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के दो साल के बाद ही तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

# मारुति सुजुकी ने एम्स और आईआरएफ के सहयोग से आपातकालीन देखभाल पर फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग का पायलट कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया

**पटना।** अपनी सड़क सुरक्षा पहलों को मजबूत करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में व्यावसायिक वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा और ट्रॉमा देखभाल संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थान एम्स और अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के साथ साझेदारी की है। एक पायलट कार्यक्रम के माध्यम से, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में स्थित आईडीटीआर में 8,500 लोगों को मुख्य रूप से व्यावसायिक वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रतिभागियों को जय प्रकाश नारायण-एम्स ट्रॉमा सेंटर, दिल्ली के सहयोग से आपातकालीन देखभाल पर व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। यह प्रशिक्षण उन्हें सड़क दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के दौरान सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है। दुर्घटना के बाद स्वर्णिम घंटा (गोल्डन आवर) दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है, जिसके दौरान चिकित्सा की उपलब्धता द्वारा मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, श्री राहुल भारती ने कहा, मारुति सुजुकी 4म के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करती हैरू सुरक्षित कारों के लिए वाहन इंजीनियरिंग, आईडीटीआर के माध्यम से यातायात नियमों पर शिक्षा सड़क पर सक्षम ड्राइवरों के लिए स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के माध्यम से मूल्यांकन, और यातायात सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रवर्तन । दुर्घटना के बाद की देखभाल के महत्व को समझते हुए, 5वीं ई, आपातकालीन देखभाल महत्वपूर्ण हो जाती है। कंपनी का लक्ष्य ड्राइवरों को दुर्घटनाओं के बाद गोल्डन ऑवर के दौरान प्रभावी प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। यह प्रशिक्षण पहल सतत विकास लक्ष्य 3 के अनुरूप है। इस पाठ्यक्रम में नवीनतम चिकित्सा विशेषज्ञता सम्मिलित करने के लिए हम देश के प्रमुख अस्पताल एम्स के आभारी हैं।

ट्रॉमा केयर के बारे में बात करते हुए, जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, एम्स, नई दिल्ली के ट्रॉमा सर्जरी और क्रिटिकल केयर के प्रोफेसर डॉ. अमित गुप्ता ने कहा, प्रबल ट्रॉमा देखभाल प्रणालियों की अनुपस्थिति में, बुनियादी ट्रॉमा और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में आसपास खड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की तत्काल आवश्यकता है। क्योंकि आघात के बाद का समय महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी सड़क दुर्घटना के समय वास्तविक रूप से सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले, आस-पास उपस्थित लोगों का प्रशिक्षण, सड़क यातायात दुर्घटनाओं के बाद होने वाली मृत्यु दर और मृत्यु-संख्या को कम करने में काफी सहायक हो सकता है।

# कांग्रेस ने भारत का भविष्य अंधेरे में डुबोया, राजद के साथ मिलकर बिहार को बर्बाद किया : प्रो. रणबीर नंदन

**● मोदी जी की सरकार ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान और किसानों तथा नारी शक्ति को पहचान दी : प्रो रणबीर नन्दन**

**पटना।** पूर्व विधान पार्षद और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नन्दन ने आज कांग्रेस और राजद को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत का भविष्य अंधेरे में डुबोया है। जबकि बिहार में राजद और कांग्रेस ने मिलकर बिहारियों को डेढ़ दशक पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, चाटुकारिता और अदूरदर्शिता की पर्याय बनी रही कांग्रेस के पास कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे वो भारत के भविष्य को सुदृढ़ बनाने का प्रयास करती।

पटना मीडिया सेंटर में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस का दावा है कि एम्स की स्थापना पंडित नेहरु ने की। सही बात है। लेकिन आजादी के बाद पंडित नेहरु को एम्स के लिए सोचने में 9 साल का वक्त लगा। इसके बाद कांग्रेस की सरकारें बनती रहीं, लेकिन एम्स की स्थापना पूरे देश में हो सकती है, यह किसी कांग्रेस सरकार की समझ में नहीं आया।

2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाल किले की प्राचीर से ह्यप्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाह्न के तहत देश में एम्स जैसे और नए संस्थान बनाने की बात की। अगले तीन सालों में देश के पिछड़े राज्यों में ये एम्स बनने थे। भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश को इसके लिए चुना गया। 2004 से




2014 तक सिर्फ एक एम्स वो भी सोनिया गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में घोषित कर सके। हालांकि वह भी बना 2018 में मोदी सरकार में ही।

प्रो. नंदन ने कहा कि इसके बाद जब देश में मोदी सरकार आई तो एम्स की बड़ी श्रृंखला शुरू की गई। आज देश में 23 एम्स हो चुके हैं। अब बात करें शिक्षा के स्तर की तो 2014 में मोदी सरकार से पहले देश में 16 आईआईटी, 13 आईआईएम, नौ ट्रिपल आईटी और 75 वैसे शैक्षणिक संस्थान थे जो राष्ट्रीय महत्व के हैं। आज की तारीख में 23 आईआईटी, 20 आईआईएम, 25 आईआईआईटी और 149 राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं। यह भाजपा का विकास मॉडल है जो हर हाल में विकास ही देखता और सबका विकास। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के युवराज कहें या शहजादा, सीट के लिए तरस रहे हैं। कांग्रेस देश को बांटने वाली पार्टी है, देश को तोड़ने वाली पार्टी है, अपने चुनावी और निजी हितों के लिए राष्ट्र हितों से समझौता करने वाली पार्टी है।

प्रो. नंदन ने कहा कि कांग्रेस की नीति ने देश के बहुसंख्यक समुदाय के साथ तो दोहरा रवैया अपनाया ही है, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक साथियों को भी बखूबी नीचा दिखाया है। आज कांग्रेस बिहार में राजद के रहमोकरम पर चल रही है, जिसका खुद भी लोकसभा में अभी कोई सांसद नहीं है। उन्होंने कहा कि ओबीसी, दलितों का आरक्षण तुष्टिकरण की भेंट चढ़ा देने वाली कांग्रेस आज अपने सबसे खराब राजनीतिक दौर में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीबों की सेवा, वंचितों को सम्मान मिलता है।

## संक्षिप्त खबर

### महागठबंधन के नेताओं द्वारा प्रतिमा को दूध से धोने की घटना को चिराग ने बेहद अफसोस जनक बताया



**हाजीपुर।** हाजीपुर में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा पर एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान द्वारा नामांकन के दौरान पुष्पाजंलि करने के पश्चात महागठबंधन के नेताओं द्वारा प्रतिमा को दूध से धोने की घटना को चिराग ने बेहद अफसोस जनक बताया है। श्री चिराग ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुये कहा कि इस मानसिकता के खिलाफ हम लगातार लड़ रहें हैं और बाबा साहेब भी लड़ते रहे हैं। इतना ही नहीं, हमारे स्व. पिता और नेता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी भी ऐसी शक्तियों के विरूद्ध लड़ते रहे हैं। श्री चिराग ने कहा कि निश्चित तौर पर यह मानसिकता राष्ट्रीय जनता दल और उसके साथ जो दल हैं, उनकी हो सकती है. बहरहाल, वोट की राजनीतिक के लिए इतनी गिरावट जहां खाने पीने से लेकर जात-पात के बाद अब लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में राजनीति छुआछूत तक पहुंच गई है, जो बेहद निंदनीय है।

### मुकेश साहनी को वाई सुरक्षा देने की मांग

**पटना सिटी।** बिहार निषाद संघ के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद ने बयान जारी कर कहा कि श्व्क्ष के प्रमुख मुकेश साहनी निषादों का उभरता हुआ नेता है और लगातार केवट मल्लाह निषाद के आरक्षण दिलाने के लिए संघर्षरत है जिसके कारण इस समुदाय के लोग मुकेश साहनी को अपना नेता मानते हैं केंद्र सरकार ने इन्हें वाई सुरक्षा दिया था परंतु केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा वापस ले ली सुरक्षा हटाने से इनके जान की खतरा है सुरक्षा हटने से बिहार के केवट मल्लाह निषाद समाज में काफी आक्रोश है

इनके सुरक्षा हटाने से जान की खतरा है जिसको लेकर बिहार के निषाद समाज काफी चिंतित है केंद्र सरकार से बिहार निषाद संघ और बिहार के हजारों हजार केवट मल्लाह और निषाद समाज दोबारा वाई सुरक्षा देने की मांग करता है।

### सरकार पोषित बालू माफियाओं पर कब होगा नियंत्रण: राजेश राठौड़

**पटना.( संवाददाता)।** बिहार में बालू के कारोबार में वर्चस्व को लेकर आएं दिन गोलीबारी की घटनाएं पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की नीतीश भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि कल भोजपुर जिले के कालूचक गांव में बालू माफियाओं के बीच गोलीबारी की घटना हुई है जिसमें दो निर्दोष मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं करीब छह लोग गोली लगने से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये राज्य सरकार के शह पर संचालित अवैध बालू खनन और माफियाओं के संरक्षण की देन है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा है कि आएं दिन ऐसी घटनाएं पूरे बिहार में सुनने और देखने को मिल रही है। यह सीधे सीधे बालू माफियाओं को प्राप्त सरकारी संरक्षण और पुलिसिया शह की देन है जो हर बार किसी न किसी निर्दोष को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। उन्होंने सीधे सीधे नीतीश भाजपा सरकार के खत्म हो रहे इकबाल का देन बताते हुए कहा है कि बिहार में सत्ता संपोषित माफिया राज संचालित है और इसमें सरकार केवल अपने हिस्से के उगाही के लिए मौन धारण किए हुए है। उन्होंने मृत दोनों मजदूरों को उचित मुआवजा देने की मांग की है और बालू माफियाओं पर अविलंब नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# राजनीतिक अज्ञानता के शिकार हैं तेजस्वी यादव, जननायक कपूर्री ठाकुर के आदर्शों को भूल फैला रहे: निहोरा प्रसाद यादव

**पटना (संवाददाता)।** जद(यू) प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा और मीडिया पैनलिस्ट डॉ0 हुलेश मांझी ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा और उन्हें राजनीतिक अज्ञानी बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जननायक कपूर्री ठाकुर को अपना आदर्श मानने का दावा करने वाले तेजस्वी यादव को ये भी पता नहीं है कि, कपूर्री ठाकुर ने जब दूसरी बार साल 1977 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तभी उन्होंने साल 1978 में पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू किया था।

पार्टी प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जननायक को लेकर कुछ बोलने से पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव




को तथ्यों के बारे में पता लगा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतरत्न कपूर्री ठाकुर को अपने आदर्श मानने का झूठा दावा करने वाले लालू प्रसाद यादव सही मायनों में उनके बताए आदर्शों को भूल गए। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा अति पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की और जननायक कपूर्री ठाकुर के फैसलों पर सवाल उठाया।

इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव से कुछ अहम और गंभीर सवाल पूछेः

1. क्या ये सही नहीं है कि तेजस्वी यादव ने कपूर्री ठाकुर के बिहार में आरक्षण लागू करने को लेकर दिए बयान पर अपनी राजनीतिक अज्ञानता दिखायी? उन्होंने कहा कि जब कपूर्री ठाकुर पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तभी उन्होंने आरक्षण लागू किया था। जबकि सच्चाई ये है कि साल 1977 में दूसरी बार बिहार का मुख्यमंत्री बनने के बाद कपूर्री ठाकुर ने साल 1978 में पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू किया था। 2.क्या ये सही नहीं है कि लालू प्रसाद यादव ने जननायक कपूर्री ठाकुर के अति पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की? लेकिन मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव की कोशिशों का जमकर विरोध किया और कपूर्री ठाकुर के आरक्षण फॉर्मूले को जारी रखने की बात कही? 3. क्या ये सही नहीं है कि कपूर्री ठाकुर के सपनों को बिहार में अगर कोई साकार किया है तो वो हैं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार। पंचायती राज, नगर निकाय में अति पिछड़ा और दलितों के साथ सभी तबकों के महिलाओं को आरक्षण देकर उन्होंने उनके सपनों को पूरा किया। साथ ही शराबबंदी जैसे सामाजिक अभियान को भी कार्यरुप दिया।

# जेल में बंद 20 वर्षीय कैदी की इलाज के दौरान मौत



**जहानाबाद।** पत्नी की हत्या मामले में दो सालों से बंद एक 20 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसको लेकर परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना काको प्रखंड स्थित काको मंडल कारा का है। मृतक कैदी काको के सुलेमानपुर गांव निवासी रंजीत कुमार दास बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बता दें कि पत्नी की हत्या मामले में पिछले दो सालों से वह जेल में बंद था और दो दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी। जिसको लेकर सदर अस्पताल में इलाज भी कराया गया था। बीते देर रात अचानक से उसकी तबीयत फिर से खराब हो गई। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि कैदी बीमार था या नहीं इसकी हमें कोई जानकारी नहीं दी गई। शुक्रवार को जेल प्रशासन द्वारा खबर मिली कि उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर घोसी विधायक रामबली यादव मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कहा कि काको मंडल कारा में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां 3 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. काको जेल मौत का कुआं बन कर रह गया है।

# अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदानः आर.के. सिन्हा

कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चचार्एं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था।

2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे कसरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने



के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई। उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है। राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं, जो 46 प्रतिशत की कमी है।

# मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो विश्व की प्रथम कतार में खड़ा होगा भारत : शाहनवाज हुसैन

**खगड़िया।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन और बिहार भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रविंद्र रंजन ने खगड़िया में संयुक्त प्रेस सम्मेलन में मतदाताओं से लोजपा (आर) प्रत्याशी राजेश वर्मा को भारी बहुमत से चुनाव जिताने की अपील करते हुए कहा है कि श्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत विश्व विरादरी के प्रथम कतार में खड़ा होगा। एनडीए का अबकि बार चार सौ पार होना तय है। नेता द्वय ने कहा कि खगड़िया के चहुमुखी विकास के लिए जरुरी है कि एनडीए समर्थित लोजपा (आर) के प्रत्याशी राजेश वर्मा को जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो।



संयुक्त प्रेस सम्मेलन में सैयद शाहनवाज ने इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में देश भर में कांटा बोया था जिसे देश के प्रतापी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस सालों के शासन काल में चुनने का कार्य किया। आज विश्व भर में मोदी की गारंटी चल रही है। कांग्रेस की गारंटी झूठ का गारंटी है। मोदी की सरकार में देश की अखण्डता मजबूत हुई है। कांग्रेस अपने शासन काल में गड़बड़ करती थी, जिसे मोदी ने ठीक किया है।

वहीं एक सवाल के जबाब में रविंद्र रंजन ने कहा कि किसान निधि योजना का लाभ से सर्वाधिक लाभन्वित होने वाले राज्यों में बिहार है। खगड़िया में मक्के का उत्पादन होता है। मोदी की सरकार में मक्के का सर्वाधिक मूल्य वृद्धि हुआ है। स्थानीय स्तर किसानों के फायदे के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाया जाएगा एवं क्षेत्र के समानुपातिक विकास के लिए अन्य उपाय किये जायेंगे। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, मिडिया प्रभारी मनीष राय व पूर्व विधायिका श्रीमती चंद्रमुखी देवी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनता दरबार में 14 आवेदकों की समस्याओं को सुना

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शुक्रवार को 14 लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए।



आवेदिका लालती देवी द्वारा बताया गया कि खेत का चकबंदी के समस्या निवारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा नालंदा को निर्देशित किया गया।

ग्रामीण जनता के द्वारा बताया गया कि हमारे गांव का ट्रांसफॉर्मर जिससे नल- जल योजना का संचालन तथा बिजली आपूर्ति हो रही है तथा तार बहुत ही नीचे आ गया है जिससे ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है।

जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन हेतु अधीक्षण अभियंता, विधुत आपूर्ति अंचल, बिहारशरीफ को निर्देशित किया गया।

आवेदक द्वारा बताया गया कि ग्राम छोटी मुढ़ारी का जो रास्ता है अति प्राचीन है, आने जाने लायक नहीं है, ग्रामीण सड़क का मरम्मती कराने की जरूरत है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल हरनौत को निर्देशित किया गया। ग्राम विशुनपुर के आवेदक द्वारा बताया गया कि मेरे नाम से ऑनलाइन एवम भूमि दखल कब्जा से संबंधित मामले को जिलाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी चंडी को निर्देशित किया गया। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजते हुए समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# डीएम साहब, बिहारशरीफ शहर को जाम से मुक्ति दिलाएगा आखिर कौन?

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** जिला मुख्यालय बिहारशरीफ को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिले हुए कई बरस गुजर गए, परंतु शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने में यातायात पुलिस तथा नगर निगम विवश दिख रहा है।



समय-समय पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता रहा था, परंतु कई वर्षों से इस मामले में नगर निगम लापरवाह बना हुआ है।

शहर में जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से यातायात थाना का गठन किया गया था, यातायात थानाध्यक्ष के साथ ही डीएसपी भी तैनात हैं परंतु शहर के लोगों को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। पूरे बिहारशरीफ के शहर वासी जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, परंतु सबसे ज्यादा गंभीर हालत जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के भराव पर चौक का है। यहां पर दिन भर जाम की समस्या से लोग जुझ रहे होते हैं। इस भीषण गर्मी में घंटो जाम में लोग फंसे रहते हैं। परंतु जाम से छुटकारा दिलाने में ना तो यातायात पुलिस रुचि ले रही है और ना ही नगर निगम के बड़े हकीम। भराव चौराहा को फल-डाभ बेचने वाले तथा ठेला पर सुबह-शाम नाश्ता बेचने वालों के अतिक्रमण के कारण लोग इस भीषण गर्मी में घंटो जाम में फंसे रहते हैं यहां तक की पैदल आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। बताया जाता है कि फल दुकानदार ने अपनी दुकान से दुगने सड़क का अतिक्रमण कर, फल एवं डाभ बेचने हेतु कब्जा कर रखा है। इसी प्रकार भराव मंदिर के पास नाले के किनारे ठेला पर नाश्ता बेचने वालों ने कब्जा कर रखा है तथा इन ठेलों पर नाश्ता करने वाले लोग साइकिल -मोटरसाइकिल सड़क किनारे लगाकर चौक को जाम करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

बताया जाता है कि भराव चौराहा पर कई यातायात के पुलिस तैनात रहते हैं, परंतु अतिक्रमणकारियों को हटाने में वे रुचि नहीं दिखाते हैं। यातायात पुलिस भी शहरवासियों को जाम से छुटकारा दिलाने के बजाय दोपहिया वाहन चालकों से जुमार्ना वसूलने तथा अपनी पॉकेट गर्म करने में लगे रहते हैं।

# राहुल गांधी के अमेठी से पलायन का असर बिहार में भी, राजद-कांग्रेस का मनोबल टूटा: सम्राट चौधरी

**पटना, (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज झंझारपुर में कहा कि कांग्रेस की पूंछ पकड़ कर सत्ता में पहुंचने का राजद का सपना राहुल गांधी के अमेठी से पलायन के साथ ही चकनाचूर हो गया है। राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और रायबरेली से चुनाव लड़ने का असर बिहार में भी पड़ेगा। पस्त हौसले और डरे हुए मन से इंडी गठबंधन बिहार और देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला नहीं कर सकता है। यूपी और बिहार की सभी 120 सीटों पर जीत दर्ज कर केन्द्र में एनडीए की सरकार और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है।



झंझारपुर में एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार श्री रामप्रीत मंडल जी के समर्थन में आयोजित भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि झंझारपुर की जनता आदरणीय पीएम मोदी जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार देश में बनाएगी।

श्री चौधरी ने कहा कि लालू परिवार कांग्रेस के सहारे केन्द्र की सत्ता में पहुंचने का सपना अपने भ्रष्टाचार को कवर करने और कानूनी शिकंजे से बचने के लिए देख रहा था। मगर अब यह सुनिश्चित हो गया है कि कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी न केवल केरल की वायनाड सीट से हारेंगे बल्कि उत्तर प्रदेश की रायबरेली में भी उनकी करारी हार होगी। एनडीए उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों के साथ बिहार की भी 40 सीटें जीतेगी। राजद का लालटेन इस बार बिहार में जलने वाला नहीं है। बिहार के लोग ह्यलालटेन युगह्व से कब का बाहर आ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का हौसला चुनाव से पहले ही पस्त हो चुका है। हार के डर से ही वायनाड के बाद राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली से नामांकन किया है।

गांधी खानदान की फितरत है कि एक बार वह जहां से हारती है, फिर दुबारा वहां जाने की उसकी हिम्मत नहीं होती है। 2019 के चुनाव में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को नकार कर यह जता दिया था कि 70 वर्षों तक भावनात्मक रूप से जनभावना का शोषण करने वाले गांधी परिवार के लिए अमेठी में अब कोई जगह नहीं है। इस बार के चुनाव के बाद राहुल गांधी को वायनाड और रायबरेली दोनों से पलायन करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबर

### जमीन विवाद में भौजाई ने देवर का हाथ तोड़ा

**थरथरी( नालन्दा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के द्वारिका विगहा गांव में जमीन विवाद में भौजाई ने देवर का तोड़ा हाथ तोड़ दिया।दो के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। घटना के सबंध में बताया जाता है कि सुरेश चौहान के तीन पुत्र है। तीनों के जमीन वाटकर अलग कर दिया गया था। परन्तु बड़ा भाई रामईकबाल चौहान एवं छोटा अमरेन्द्र चौहान में जमीन को लेकर आए दिन झगड़ा होता रहता था। पिछले दिनों अमरेन्द्र चौहान को राम ईकबाल चौहान एवं पत्नी राजमंती देवी ने मिलकर इस कदर पिटाई कर दी कि अमरेन्द्र चौहान के दाहिना हाथ चोटील हो गए, उसे प्लास्टर कराना पड़ा। इधर थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### इलाज कराने पटना गए, दंपति के घर में चोरों ने 7 लाख रुपए की संपत्ति चुराई

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के अतासराय गांव मे गुरूवार की रात्रि में एक सुनसान घर को चोरों ने बनाया निशाना ।घर मे घुसकर, घर मे रखे दो लाख रूपया नगद समेत करीब पांच लाख रुपये का सोने चांदी का आभूषण चुरा लिया। इस घटना के संबंध मे पीड़ित गृहस्वामी इस्लामपुर थाना क्षेत्र के अतासराय गांव निवासी शिवनाथ कुमार ने बताया की इस्लामपुर अतासराय गांव मे मेन रोड पर हमारा मकान है। उस मकान मे हमारा छोटा भाई चंदन कुमार रहता है। घर मे ताला लगाकर हमारा छोटा भाई चंदन कुमार अपनी पत्नी को इलाज कराने के लिए पटना गया हुआ था, की गुरूवार की रात्रि मे अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे का दिवार के सहारे छत पर चढ़कर गेट का ताला तोड़कर कमरे का ताला तोड़ते हुए कमरे में रखे गोदरेज एवं बक्सा का ताला तोड़कर उसमे रखे दो लाख रूपया नगद समेत करीब पांच लाख रुपए का सोने चांदी का आभूषण के साथ महंगा कपड़ा बर्तन को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित गृहस्वामी शिवनाथ कुमार ने बताया की भगिनी के शादी के लिए घर मे नगद दो लाख रूपया रखा हुआ था। जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। वही इस मामले मे पीड़ित गृहस्वामी शिवनाथ कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर इस्लामपुर थाना मे एक लिखित आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया की पीड़ित गृहस्वामी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।पुलिस लिखित आवेदन के आधार मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस जल्द इस चोरी के मामले का उद्भेदन कर चोरों को चिन्हित कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने काम करेगी।

### डीएम 6 मई को स्मार्ट सिटी द्वारा निमार्णाधीन कई पथों के कार्य प्रगति का निरीक्षण करेंगें

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** आगामी 6 मई को 04.30 अपराह्न में शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी बिहारशरीफ अन्तर्गत स्मार्ट सिटी लि० द्वारा निमार्णाधीन निम्नांकित पथों के कार्य प्रगति का निरीक्षण किया जाएगा।

1. ठल्ल मंगला स्थान से होते हुए बाजार समिति मेन रोड तक।
2. मगध कॉलोनी में श्री शिव कुमार साव के मकान से होकर रासमुनी के मकान होते हुए प्रसाद के मकान मोबाईल टावर तक।
3. टेलीफोन एक्सचेंज रोड के गुलजारे इब्राहिम से रांची रोड गुप्ता फर्नीचर तक।
4. भारत गैस गोदाम के दक्षिण से पानी टंकी होते हुए निमुहानी कोना गैरेज तक ठल्ल-31 के पास।
5. मंगला स्थान रोड से बुढवा स्थान चिमनी पर से सामने दक्षिण कुंआ होते ठल्ल-31 तक।
6. रांची रोड से पालिका मार्केट होते हुए भैंसासुर मशानी तक।
7. नवाब मोड़ से सालूगंज- कटरा होते हुए नदी मोड तक।
8. नाला रोड।
9. पोस्ट ऑफिस रोड।

# विधानपार्षद ललन सर्राफ ने किया जयनगर बाजार, खजौली बाजार और लदनिया बाजार में सघन जनसंपर्क

**जयनगर (संवाददाता)।** जदयू के विधानपार्षद, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं व्यावसायिक, उद्योग और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रभारी ललन सर्राफ ने आज झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के समर्थन में स्थानीय जयनगर बाजार, खजौली बाजार एवं लदनियां बाजार में सघन जनसंपर्क किया और व्यावसायियों समेत अन्य मतदाताओं से मिले।



इस दौरान जयनगर नगर पंचायत के चेयरमेन कैलाश पासवान, टिंकू कसेरा, अजय टिबरेवाल, रणजीत पासवान, रणजीत गुप्ता, सुजित पाठक, दीपक गुप्ता, मनीष जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, अरुण गुप्ता, शिबू महाजन, अमरजीत पूर्वे, रंजीत चैधरी, सुरेश गुप्ता, प्रेम गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विजय गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, रघुवीर गुप्ता, श्याम गुप्ता, जी मंडल, गौरीशंकर गुप्ता, अरुण चौधरी, मनोज साहू, दीपक साहू, विवेक साहू, सरोज साहू, रामनारायण चौधरी, लक्ष्मण पंडित, शत्रुघ्न राउत, गुरुशरण चौधरी, गुरुशरण दास समेत बड़ी संख्या में जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और प्रतिष्ठित व्यवसायीगण उनके साथ रहे।

इस मौके पर ललन सर्राफ ने कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि हम नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के कालखंड में उनके सहयोगी हैं। नए भारत और नए बिहार की कल्पना मोदी नीतीश के बिना नहीं की जा सकती। बिहार के व्यवसायी समाज का शतप्रतिशत मत इनके काम को जाएगा।

ललन सर्राफ ने कहा कि झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे बिहार के व्यवसायी मोदी-नीतीश के पक्ष में एकजुट रहेंगे और किसी के भ्रमजाल में नहीं फंसेंगे। झंझारपुर से एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल की जीत रिकॉर्ड मतों से होगी।

इस दौरान टिंकू कसेरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित बिहार के लिए बिहार की 40 की 40 सीटें मोदी नीतीश की झोली में जाएंगी। ललन सर्राफ ने कहा आज अगर व्यवसायी निर्भय होकर अपने कारोबार में लगे हैं तो यह एनडीए सरकार की देन है। यहाँ एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

# सम्राट चौधरी जी पहले पूर्व घोषित नौकरियों का ब्योरा दें : चित्तरंजन गगन

**पटना (संवाददाता)।** सम्राट चौधरी जी द्वारा दस लाख नौकरी देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि सम्राट चौधरी जी को नयी घोषणा करने के पहले उनके नेताओं द्वारा पूर्व में घोषित नौकरी देने के वादे का हिसाब देना चाहिए। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री जी ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था।? उस हिसाब से अबतक दस करोड़ नौजवानों को नौकरी मिलनी चाहिए थी। इसी प्रकार 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय भी केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पटना आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर उन्नीस लाख नौकरियां देने का वादा किया था।? बिहार में एनडीए की सरकार भी बन गई पर एक भी नौकरी नहीं दी गई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सत्रह वर्षों से बिहार में एनडीए की सरकार है पर पिछले सत्रह महिने जब तेजस्वी यादव जी उपमुख्यमंत्री बने उसके बाद पहली बार बिहार के नौजवानों को यह महसूस हुआ कि नौकरी कैसे दी जाती है। सत्रह महिने में पांच लाख लोगों को नौकरी मिली और लगभग इतनी हीं पदों पर बहाली की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार हीं नहीं पुरा देश जानता है कि जब तेजस्वी जी दस लाख नौकरी देने की बात करते थे तो जदयू और भाजपा के नेता उनका मजाक उड़ाया करते थे? और कहते थे कि पैसा कहां से लाएगा।पिछले सत्रह वर्षों से बिहार की और दस वर्षों से केन्द्र की एनडीए सरकार देश और प्रदेश के नौजवानों को ठगते रहे हैं अब वे उनके झांसे और जुमलों के चक्कर में नहीं पड़ने वाले हैं।

# आपदा प्रबंधन के लिए युवाओं के साथ मिल कर करना होगा काम: प्रोफेसर आतिश पराशर

**गया, (नवशक्ति)।** आपदा प्रबंधन के लिए युवाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को कंधे-से-कांधा मिला कर काम करना होगा। युवा मानव संसाधन हो सकते हैं, लेकिन जब तक सहयोगात्मक कार्य नहीं होगा तब तक आपदा प्रबंधन से सुचारु रूप से निपटना संभव नहीं है` ये वक्तव्य मीडिया विभाग के प्रो. आतिश पराशर ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में कही` जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यशाला को कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में एनएसएस के समन्वयक डॉ. बुधेंद्र सिंह के देखरेख में आयोजित किया गया` प्रो. पराशर ने आपदा प्रबंधन विषय पर आगे कहा कि संचार की संरचना ऐसी हो कि समूह विशेष के लोगों को उसे समझने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि एक एक सफल संचार के लिए संदर्भ की रूपरेखा और अनुभव के क्षेत्र का एक दूसरे से मेल होना आवश्यक है इसी परिस्थिति में संचार सफल माना जाता है। उन्होंने अपने सुझाव में कहा कि हमें एसआरआईएफ का अनुपालन करना चाहिए जिसमें एस का अर्थ स्ट्रांगेस्ट (सबसे मजबूत), आर का अर्थ रिलेवेंट (प्रासंगिक), आई का अर्थ इंफ्लूएंसल (प्रभावशाली) और एफ का अर्थ फैक्टर (कारक) है।




इससे पहले डॉ. बुधेंद्र सिंह ने कार्यशाला के उद्देश्यों को साझा करते हुए कहा कि प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है` इसके पश्चात एनआईडीएम के अनुभवी सलाहकार श्री रंजन कुमार ने आपदा लचीलापन प्रयासों में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। एनआईडीएम डॉ. कुमार राका ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा प्रबंधन में गलती शब्द नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है इसे गलती की जगह अंतराल कहना ज्यादा उचित है। डॉ. मिंटू देवनाथ ने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक विश्व की सबसे अधिक युवा जनसंख्या वाला देश बनने वाला है इसलिए आपदा से निपटने के लिए हमें अपनी युवा आबादी को सही दिशा निर्देश देने को आवश्यकता है। सामाजिक विज्ञान विभाग के डीन प्रो. पवन कुमार ने कहा कि युवा शिक्षक से न केवल ज्ञान लेते हैं बल्कि उनसे जीवनशैली की भी सीख लेते हैं साथ ही शिक्षक उनके भौतिक विकास के साथ साथ उनमें सद्भावना और नागरिक संस्कृति (सिविक कल्चर) का भी विकास करते हैं।

कार्यशाला में देब्रिता सेनगुप्ता ने युवाओं से संबंधित उत्कृष्ट प्रथाओं, समस्याओं और मुद्दों पर अपनी प्रस्तुति के साथ शुरूआत की, जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन और इससे गुजरने के उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने सेंडाई फ्रेमवर्क का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि बच्चे परिवर्तन के युवा एजेंट हैं। डॉ. वेंकटेश ने विभिन्न आपदाओं, जैसे मिथिलांचल जैसे क्षेत्रों में बाढ़ कि स्थिति और उसे प्रबंधित करने के उपायों के बारे में चर्चा की। डॉ. शाहीन अंसारी ने बताया को युवाओं को अधिक जानकारी देने के लिए भी हमें प्रयासरत रहना चाहिए।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# दुनिया में मोदी जैसा कोई नेता नहीं, जिसकी सीधे जनता से कनेक्टिविटी हो : श्री श्री रविशंकर जी

**वाराणसी।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर शुक्रवार दोपहर बाद दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ युवा छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इसके पूर्व उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। संवाद के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में मोदी जैसा कोई नेता नहीं है, जिसकी कनेक्टिविटी सीधे विशाल जनसंख्या वाले देश की जनता से हो। यह मोदी की करिश्मा ही है, चाहे मन की बात हो अन्य सरकारी गैर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए वह सीधे अपनी जनता से संवाद करते है।

रविशंकर ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी अभूतपूर्व पहल और स्टार्ट-अप के तेजी से बढ़ने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा की। आज लोगों के खातों में सीधे पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। इसके अलावा, इतने सारे स्टार्ट-अप की वृद्धि को देखना आश्चर्यजनक है, दुनिया भारत को बड़ी आशा और उत्साह के साथ देख रही है। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन सरकार ने पर्याप्त सहायता नहीं दी होती तो लाखों उद्यमियों को अपने सपने साकार नहीं होते। उन्होंने कहा कि बनारस में विकास दिखता है। चाहे वह टूरिज्म का क्षेत्र हो अन्य बनारस में तेजी से विकास कार्य हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक मोर्चे और आध्यात्मिकता के मोर्चे पर देश की प्रगति की विश्व शक्तियां सराहना कर रही हैं। यह भारत के लिए गर्व की बात है कि मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ भारत का कद बढ़ा है, बल्कि भारत को अब दुनिया भर में उचित सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सभी धर्मों को समाहित करने वाला है क्योंकि यह कभी भी दूसरों के प्रति दुर्भावना नहीं रखता है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होना चाहिए और गुलामी की मानसिकता जो लंबे समय तक हम पर हावी रही, उसे खत्म करना होगा। उन्होंने काशी विश्वनाथ की तुलना वेटिकन सिटी और मक्का जैसे अन्य धर्मों के सर्वोच्च पूजा स्थलों से करते हुए कहा कि आज का विशाल मंदिर परिसर हमारी मान्यताओं के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा, भव्य विश्वनाथ धाम का निर्माण विस्कित भारत की दृष्टि और महत्वाकांक्षा की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव हो पायेगा जब व्यक्ति के साथ धर्म का भी विकास भी हो। जिस नेता ने इस गुण को समझ लिया वह सहज ही विकास पुरुष हो जाता है। इस देश का सौभाग्य है कि उसके पास मोदी जैसा नेता है।

उन्होंने कहा मोदी ने सामाजिकता व मानवता राष्ट्रप्रेम की जो लकीर खींची है, उससे पता चलता है कि आने वाले नेता को भी दीवाली घर में नहीं शरहद पर जवानों के साथ मनानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि देश सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा है और लोगों के व्यवहार में अपने धर्म और जड़ों पर गर्व महसूस करने में उल्लेखनीय बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पहले, लोग अपने सिर पर तिलक लगाने से डरते थे, अपनी पहचान बताने में झिझकते थे। ऑफिस जाने से पहले वे अपना तिलक मिटा देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। और, अपनी धार्मिक मान्यताओं पर टिके रहने और इसे सबके सामने स्वीकार करने में कुछ भी गलत नहीं है।

## सृजन के कलाकारों नें मेरा वोट, मेरा अधिकार नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** आचार्य शीलभद्र की पवित्र भूमि व खाजा नगरी सिलाव के अंबेडकर टोला के शिव मंदिर के पास मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी एवं जिला युवा अधिकारी के निदेर्शानुसार सृजन संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, जिसका नेतृत्व ब्रांड एंबेसडर लोग गायक भैया अजित ने किया कलाकारों ने ₹ मेरा वोट, मेरा अधिकार ₹ नाटक के माध्यम से , किसी के बहकावे में आकर गलत व्यक्ति का चुनाव न करें, अपना वोट को रुपया,कपड़ा, शराब से ना बेचे, अपना मत का प्रयोग सोच समझकर करें जिससे आपका क्षेत्र विकास हो सके आदि बातों को विस्तार पूर्वक लोगों को बताया। मौके पर उपस्थित भैया अजित ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व को हम



सबको मिलकर मनानी चाहिए वोट मेरा अधिकार है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वोट देना चाहिए क्योंकि एक वोट से सरकार बनती है और एक वोट से सरकार गिरती है ।

इसलिए वोट देना कर्तव्य ही नहीं जिम्मेवारी भी है ।अपना वोट को दारू, कपड़ा,रुपया,पर नहीं बेचना चाहिए क्योंकि वोट बेटी के समान होता है, इसलिए अपने साथ-साथ दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए ।खासकर युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है । मैं वोटरों को अभिनंदन करते हैं, खासकर फुटपाथ दुकानदार और दुकानदारों से अपील करना चाहते हैं कि पहले मतदान फिर करें जलपान क्योंकि यह पर्व पांच साल पर आता है ।आपका एक वोट देश का भविष्य तय करता है। साथ ही भैया अजीत ने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाया। इस नुक्कड़ नाटक में कृपा कुमारी, अजीत कुमार, पंकज कुमार, कुंदन कुमार, कमलेश कुमार, नाथून दास एवं बद्री साव ने प्रमुख भूमिका निभाया।

## परीक्षित महतो ने आज अपने 400 समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा

**खूंटी लोकसभा(संवाददाता)।** खरसावां, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह विधायक प्रतिनिधि परीक्षित महतो ने आज अपने 400 समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। खरसावां विधानसभा क्षेत्र के नेगटासाई के आम बागान में आयोजित सभा में उन्होंने खूंटी के लोकसभा प्रत्याशी सह मंत्री अर्जुन मुंडा की सभा में आज उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सोय और जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव उपस्थित थे।



बता दें कि श्री महतो राजद के जिला अध्यक्ष के साथ 2009 के लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर से लोजपा के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। श्री महतो के भाजपा के दामन थामने से इस क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिली है। बता दें कि परीक्षित महतो पिछले 20 सालों से इस क्षेत्र में सक्रिय राजनीति में हैं। वे वर्ष 2001 से 2009 तक राजद के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने 6 साल पूर्व झा मु मो का दामन थामा और इस क्षेत्र से विधायक दशरथ गागराई के प्रतिनिधि थे ।उन्होंने भाजपा में जाने की मुख्य वजह इस क्षेत्र की उपेक्षा बताई ।उन्होंने कहा कि 6 साल पूर्व किए गए कोई भी वादे पूरे नहीं किए गए।उन्होंने अर्जुन मुंडा के नेतृत्व पर अपना विश्वास जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का भविष्य बताया।

# भारतीय किसान यूनियन मंच ने किया संगठन का विस्तार

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच के कार्यकताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। यह बैठकब भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान संगठन विस्तार भी किया।

आज मध्य प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ-साथ उज्जैन जिले के जिला अध्यक्ष व जिला महासचिव की घोषणा की गयी। कवि देव सिंह गुर्जर को प्रदेश अध्यक्ष, अशोक गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष, रविंद्र सिंह को जिला अध्यक्ष उज्जैन, शिवनारायण गुर्जर को महासचिव उज्जैन घोषित कर नियुक्ति पत्र दिए गए।प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक



गुर्जर ने कहा कि मध्य प्रदेश में नीलगाय किसानों की खेती को नुकसान पहुंच रही है जिससे किसान बहुत परेशान है। इस समस्या को अब प्रदेश स्तर पर उठाया जायेगा तथा आवारा पशु से मध्य प्रदेश ही नहीं पूरे भारत में लगभग सभी किसान परेशान है अब भारतीय किसान यूनियन मंच इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाकर समाधान करने का प्रयास करेगी। साथ ही साथ यहां पर किसानों की कोई मजबूत आवाज ना होना किसानों के शोषण का कारण बना हुआ है।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मौके पर मौजूद सभी किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके मुद्दों को प्रदेश स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने में उनकी मदद की जाएगी और इसके लिए आंदोलन की जरूरत पड़ी तो वह भी किया जाएगा।

उज्जैन जिले के किसान समूह में इस नियुक्ति को लेकर काफी उत्साह और जोश है। इस संगठन विस्तार में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान, राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजस्थान प्रभारी बिल्लू प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष मनमिंदर भाटी, यूथ विंग राष्ट्रीय महासचिव रिंकू यादव, राष्ट्रीय सचिव सोनू चपराना आदि राष्ट्रीय कार्यकारिणी भी उपस्थित रही।

## शिवसेना का एक दल पार्टी प्रत्याशियों के हक में प्रचार के लिए मुंबई रवाना

**जम्मू।** शिवसेना (यूबीटी) की जम्मू-कश्मीर इकाई का एक दल पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए 4 मई को जम्मू से मुंबई के लिए रवाना होगा।

आज पार्टी के प्रदेश केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख मनीष साहनी ने दोनों राज्यों की जमीनी स्थिति पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर को भाजपा की साजिशों का शिकार बताया गया। साहनी ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश नेताओं का एक 6 सदस्यीय दल महाराष्ट्र में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने और उनकी जीत सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से शनिवार 4 मई को मुंबई के लिए रवाना होगा। साहनी ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर पर पूरे देश में झूठ फैलाकर जमकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकी है ।जबकि जम्मू कश्मीर की आवाम भारी निराशा से जूझ रही है। जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन पर अमन-चैन बहाली , कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षित घर वापसी के साथ विकास, रोजगार, आर्थिक उन्नति समेत तमाम गारंटिया खोखली साबित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट , राज्य का दर्जा छीन लिया गया और पिछले पांच सालों से विधानसभा चुनाव नहीं करवाए जा रहे। हमारे संसाधनों को लूट के साथ हमारी सांस्कृतिक पहचान को खत्म करने की साजिशें रची गई हैं। वहीं महाराष्ट्र में भी शिवसेना और एनसीपी को तोड़ राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने तथा देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के अस्तित्व पर हमला करने की नाकाम कोशिशें की गई हैं ।साहनी ने कहा कि उनकी टीम मुंबई दक्षिण से पार्टी के पूर्व सांसद अरविंद सावंत, मुंबई दक्षिण-मध्य से अनिल देसाई (राज्यसभा सांसद), मुंबई उत्तर-पश्चिम से अमोल कीर्तिकर और मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दीना पाटिल के लिए प्रचार करेंगे और उनकी जीत सुनिश्चित बनाएंगे ।इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर,महासचिव विकास बख्शी, उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, अध्यक्ष कामगर विंग राज सिंह, सचिव राजेश हांडा और मंगू राम उपस्थित थे।

## बॉर्डर पार से तस्करी के अभियान को किया गया विफल, अमृतसर पुलिस ने पकड़े 5 किलोग्राम नशीले पदार्थ

**अमृतसर।** सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और 5 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया। उस व्यक्ति के पास 4 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, जिसे आमतौर पर बर्फ के रूप में जाना जाता है, और 1 किलोग्राम हेरोइन पाई गई। पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्कर द्वारा ड्रग्स के परिवहन के लिए ड्रोन का उपयोग किया गया, जिससे सीमा पार तस्करी गतिविधियों में एक नया आयाम जुड़ गया। अमृतसर में स्पेशलाइज्ड सर्विलांस एंड ऑपरेशंस सेल (एसएसओसी) में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने के साथ, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है।

वर्तमान में नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला और वितरण दोनों में शामिल जटिल नेटवर्क को उजागर करने के लिए जांच चल रही है, जिसका लक्ष्य आगे और पीछे संबंध स्थापित करना है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने कहा, सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी नेटवर्क के खिलाफ खुफिया नेतृत्व वाले अभियान में सीआई अमृतसर ने एक व्यक्ति को पकड़ा है और 4 किलोग्राम आइस (मेथमफेटामाइन) और 1 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों से ड्रग्स के परिवहन के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। एसएसओसी अमृतसर में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई और बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक स्थापित करने के लिए जांच जारी है।

## आनंदपथ के दो दर्जन से अधिक घरों का बोरिंग फेल, पानी के लिए मचा हाहाकर, जता रहे विरोध

संजय कुमार
**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के गायत्री पथ मोहल्ले के दो दर्जन से अधिक घरों का बोरिंग फेल हो गया है। बोरिंग फेल होने से इस मोहल्ले के घरों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। मोहल्ले के उपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, गुड़िया कुमारी प्रियंका कुमारी, सुरेश प्रसाद, वशिष्ट नारायण, बीरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र कुमार, विपिन कुमार, अस्मिता कुमारी, शशि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, अनिरूद्ध कुमार, रामप्रवेश कुमार, कपिलदेव, तरूण कुमार, नंदु समेत अन्य घरों को जलस्तर नीचे खिंसक गया है।



उक्त लोगों ने नगर निगम के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा है कि 25 से लेकर 50 एचपी का मोटर लगाकर जमीन से पानी खिंचा रहा है। और तो और शहर में पक्का नाला बनाकर वाटर रिचार्ज का विकल्प ही बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं सरकार के मिशन सोख्ता का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि मोहल्ले के घरों के बोरिंग के 240 फीट से पानी मिल रहा था। अब समरसेबुल में 20 फीट अतिरिक्त पाइप जोड़वाने पर 260 पर पानी मिल रहा है। कुछ घरों को 270 फीट पर पानी मिल रहा है।

लोगों का कहना है जलस्तर नीचे खिंसकने की शिकायत नगर निगम के अधिकारी से भी की जा चुकी है। लोगों का यह कहना है कि पक्का नाला निर्माण इस मार्ग में किये जाने के बाद से जलस्तर की समस्या बढ़ती जा रही है। वाटर रिचार्ज का विकल्प तैयार नहीं किया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकता है।

## प्रधानमंत्री को सामान्य ज्ञान नहीं है : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज उन्होंने (प्रधानमंत्री) बंगाल में सभा करके कहा, राहुल गांधी क्यों रायबरेली से खड़े हुए। उन्होंने(राहुल गांधी) अच्छा किया जो खड़े हुए है, उनके पास चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसमें आपका(प्रधानमंत्री) क्या है। किसी समय आप (प्रधानमंत्री) भी तो दो सीट पर खड़े हुए थे। एक प्रधानमंत्री को क्या बोलना चाहिए और क्या नहीं उन्हें(प्रधानमंत्री) इसका भी सामान्य ज्ञान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने बर्धमान-दुगार्पुर लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश की राय बरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने (राहुल ने) वायनाड में अपनी हार भांप ली है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के राय बरेली सीट से चुनाव लड़ने के फैसले के संदर्भ में कहा, अमेठी सीट से हारने के बाद वायनाड (केरल) जाने वाले कांग्रेस के शहजादे अब राय बरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें (राहुल को) पता है कि इस बार वह वायनाड भी हारेंगे। प्रधानमंत्री ने चुनौती दी कि कांग्रेस लिखित में दे की वह धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन नहीं करेगी। कोलकाता राजभवन में एक संविदा कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने कोलकाता के हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह(युवती) राजभवन में नौकरी करती है। राज्यपाल ने उसके साथ क्या व्यवहार किया। मेरे पास एक नहीं हजारो ऐसी घटना आई है लेकिन मैंने कभी कुछ नहीं कहा लेकिन यह घटना मेरे लिए ह्रदय विदारक है। राज्यपाल ने अपने यहां काम करने वाली युवती के साथ एक नहीं दो बार यौन उत्पीड़न किया।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सपा छात्र सभा के कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी के ग्रेटर नोएडा में स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सपा छात्र सभा के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है और प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही मौके पर पुलिसबल तैनात कर दिया गया। सपा के छात्र नेताओं का आरोप है कि प्रबंधन ने छात्रों का गलत इस्तेमाल किया है। उन्हें बिना बताए भाजपा के कहने पर कांग्रेस के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल किया गया। पुलिस ने सपा नेताओं को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उधर, सपा ने ऐलान किया है कि अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ दोबारा प्रदर्शन किया



जाएगा। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एक बार फिर दावा किया है कि प्रदर्शन में शामिल हुए बच्चे उनके स्कूल के छात्र नहीं है।

जिला अध्यक्ष मोहित नागर ने कहा है कि भाजपा सरकार अपने फायदे के लिए छात्रों का इस्तेमाल करने से भी बाज नहीं आ रही है। हाल ही में कांग्रेस के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन हुआ था। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधक बसों में भरकर छात्रों को दिल्ली में लेकर गए थे। कांग्रेस के खिलाफ होने वाले विरोध प्रदर्शन में उनके शामिल होने की भी जानकारी छात्रों को नहीं दी गई।

उन्होंने कहा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय प्रबंधकों की तरफ से छात्रों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर कोई बच्चा आवाज उठाता है तो छात्रों पर पेनल्टी लगा दी जाती है। उधर, विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

सपा कार्यकताओं और नेताओं ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा है। सपा नेता मोहित नागर ने बताया कि ज्ञापन में गलगोटिया विश्वविद्यालय के इस गलत व्यवहार की उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि गलगोटिया विश्वविद्यालय का नाम टॉप क्लास यूनिवर्सिटीज मे आता है। यहां देश-विदेश से पढ़ाई करने के लिए छात्र आते है।